इस प्रकार ऊपर के रेखाचित्र जैसे पाण्डुलिपियों का वंशवृक्ष तैयार होता है। पाठालोचन विज्ञान का ध्येय, मूलपाठ की खोज, इसी प्रकार वंशवृक्ष बनाने से प्राप्त होता है। प्रत्येक ग्रंथ की जितनी भी प्रतियाँ प्राप्त हो, उनका अध्ययन, विश्लेषण, संशोधन कर वंशवृक्ष तैयार कर, प्रामाणिक मूल पाठ को खोजना यही पाठालोचन विज्ञान का विषय है। यही आवश्यकता है।

4. समस्याएँ

लिपिक की अयोग्यताओं और अ विशेषताओं के कारण निम्न लिखित समस्याएँ उत्पन्न होती हैं

क्षेपक: पाण्डुलिपि के मूलपाठ में जो शब्द / अक्षर आदि न हो, वे भी प्रक्षिप्तांश जुड़ते जाते हैं, जिससे हम मूल लेखक या ग्रंथ के भाव तक नहीं पहुँच सकते। कहा जाता है कि महाभारत और पृथ्वी राजरासो अपने आप में लघु काव्य ही थे, किन्तु प्रक्षिप्तांशों के कारण वे महाकाव्य बन गए।

2. छूट-भूल - पाण्डुलिपि में कई अक्षर, शब्द यहाँ तक की पंक्तियाँ भी छूट जाती हैं, जिससे हम सही

पाठालोचन में दो सारणियों का उपयोग होता है -1. वैज्ञानिक संपादन 2. साहित्यिक संपादन। वैज्ञानिक संपादन शब्द को और साहित्यिक संपादन अर्थ को महत्त्व देता है। अर्थ को मूलतः ग्रहण किए बिना काव्यों का संपादन निश्चिन्त नहीं है। इसलिए पाठालोचन विज्ञान में शब्द और अर्थ का भी महत्त्व स्वीकारना पड़ेगा। 9/8/2

Page No.
Date :

अन्तर्य तक नहीं पहुँच सकते।

3. अप्रामाणिक रचनाएँ - कभी-कभी कोई श्रद्धालु या लेखक के शिष्य द्वारा लिखी गई पूरी-की-पूरी रचना ही अप्रामाणिक होती है अर्थात् वह जिसके नाम से लिखी गई है, उसकी नहीं होती है। पाण्डुलिपि वैज्ञानिक को ऐसी रचनाएँ भी निकालकर अलग करना होती है। इन भूलों में, त्रुटियों के अध्ययन के बिना से वंशवृक्ष तैयार किया जाता है।

7. पाठालोचन प्रणालियाँ

पाठालोचन की तीन प्रणालियाँ हैं - 1. स्वेच्छया पाठ निर्धारण प्रणाली - इस प्रणाली में संपादक को प्राप्त हुई एक ही प्रति को प्रामाणिक मानकर ग्रंथ का संपादन कर देता है।

2. तुलनात्मक प्रणाली - पुस्तक का संपादन करते समय संपादक इस प्रणाली में 2 या अधिक प्रति की तुलना करता है। उसमें से जो प्रति उसे स्वेच्छया अच्छी लगती है, उसे प्रामाणिक मानकर संपादन करता है।

3. वैज्ञानिक प्रणाली - इस प्रणाली में कई हस्तलेखों की तुलनात्मक आधार पर साम्य-वैषम्य का अध्ययनकर, वंशवृक्ष बनाकर, मूलपाठ को शोध कर, उसका संपादन करता है।

8. पाठालोचन प्रक्रिया

पाठालोचन की प्रक्रिया को निम्न बिंदुओं से संक्षेप में समझा जा सकता है -

1. ग्रंथ संग्रह - पुस्तक के पाठालोचन के पूर्व उस ग्रंथ संबंधी जितनी प्रकाशित या अप्रकाशित पाण्डुलिपियाँ, या पाण्डुलिपि न मिलने पर उसकी फोटोकॉपी आदि सामग्री, जितनी ज्यादा हो सके उतनी ज्यादा संग्रह करे।

2. सभी ग्रंथों को कालक्रमानुसार लगा लेना चाहिए और कुछ संकेत नाम देना भी चाहिए, जिससे समय और परिश्रम की बचत हो सके। ग्रंथ का नाम-संकेत देने की अनेक प्रणाली है। जैसे-

(क) क्रमांक प्रणाली - सभी ग्रंथों को सूचीबद्ध कर, क्रमांक दिया जाता है। जैसे- (1) जयपुर वाली प्रति (2) जैसलमेर...

(ख) लिपिकार प्रणाली - ग्रंथकर्ता लिपिकर्ता के नाम के प्रथम अक्षर को संकेत बना सकते हैं।

(ग) स्थानसंकेत " - ग्रंथ प्रति की रचना का स्थान हो, तो उसका...।

(घ) पाठ साम्य समूह प्रणाली - सभी ग्रंथों का पाठ साम्य के आधार पर वर्गीकरण किया जा सकता है। मान लें 3 समूह बने - उनमें प्रथम में 5, द्वितीय में 3, तृतीय में 2 ग्रंथ है। इनके नाम प्र. 2, द्वि. 1, तृ. 4 आदि। प्रति के उल्लेख के साथ उसका परिचय भी देना चाहिए जैसे- वह प्रति किसके पास है, प्रति की स्थिति, पृष्ठ संख्या, रचना काल, स्याही, आकार आदि।

3. तुलना - प्रतियाँ तैयार होने के बाद इन प्रतियों के संकेत के आधार पर पाठान्तर, चरण, छंद, वर्तनी आदि की सूची बना लेना चाहिए। इसी प्रकार आगम-लोप की सूची भी बना लेना चाहिए।

4. इस प्रकार प्रतिलिपि संबंध, प्रक्षेप संबंध और पाठान्तर संबंध की दृष्टि से वंशवृक्ष तैयार कर मूलपाठ का निर्धारण करना चाहिए।

9. बाह्य-अंतरंग साक्ष्य

मूलपाठ के निर्धारण के बाद भी उसे प्रामाणिक नहीं मानना चाहिए। पूर्णतः प्रामाणिक मानने के लिए समस्त बाह्य एवं अन्तरंग साक्ष्यों से पाठ निर्णय करना चाहिए। मूलपाठ के संदिग्ध स्थलों के शब्दों

तोर संवत् का उल्लेख - रामगढ़वी (भुज्जमेर) से प्राप्त शिलालेख पर तोर वंश का उल्लेख है।

Date :

ज्यादा प्रचलित है।

इस प्रकार ईसवी, वि.सं. और शक सं. और वी.सं. का समीकरण

वीरसं.	~~विक्रम~~ ई.सन्	वि.सं.	शकसं.
~~—~~ 527	0	57	~~—~~ -78 ~~+92~~

इन सभी संवत् के अलावा और भी अनेक स्वतंत्र संवत् हैं।

वस्तुतः जब कोई भी पाण्डुलिपि को काल की दृष्टि से 2 वर्गों में बाँटा जाता है - 1. जिसमें काल-संकेत हो, वह पाण्डुलिपि 2. जिसमें काल संकेत न हो।

3. काल संकेत वाले लेख की पद्धति

इन दो प्रकार के वर्गों में से पहले प्रकार में काल-संकेत के 4 प्रकार होते हैं -

1. गत संवत् का उल्लेख

राज्यारोहण के काल का आधार - इसे हम राज्य वर्ष नाम भी दे सकते हैं। इस प्रकार के उल्लेख हमें अशोक और गुप्तों के शिलालेखों में मिलते हैं। इसके बाद शातवाहन, महाराष्ट्र के क्षहरात और उज्जयिनी के महाक्षत्रपों के शिलालेखों में विस्तार मिलता है।

2. नियमित या शक संवत् का उल्लेख - शक संवत् 500 को दक्षिण और उत्तर, सभी जगह लोकप्रिय होने से नियमित संवत् के नाम से भी प्रख्यात हुआ था।

3. समकालीन संदर्भों के आधार - जिन लेखों में राज्यारोहण वर्ष या नियमित संवत् का उल्लेख नहीं होता, उन लेखों में इस पद्धति का सहारा लिया जाता है। इस पद्धति में उल्लेख में आए हुए समकालीन व्यक्तियों, शासकों आदि के आधार पर काल निर्णय किया जाता है। जैसे- अशोक के 13वें शिलालेख में यूनानी राजा अंतियोकस-2 (ई.पू. 261-41 तक पश्चिम एशिया के शासक) और उसी समकालीन अफ्रीका के शासक टॉलेमी (ई.पू. 282-40) का उल्लेख है। इन संदर्भों के आधार अशोक का राज्यारोहण वर्ष ई.पू. 270 निकाला गया।

किन्तु इस पद्धति में पाठ पढ़ने में भूल होने से भयंकर गलती हो सकती है। जैसे - मौर्य संवत् की कल्पना।

4. अंतरंग साक्ष्य - जब कोई समकालीन संदर्भ भी न हो, तब रचना के वर्ण्य-विषय में मिलनेवाले उन संकेतों का आधार लेना होता है, जिनमें किसी-न-किसी प्रकार काल-संकेत की क्षमता हो। इस पद्धति में मुख्यतः रचनाकार किस-बात से परिचित या अपरिचित थे, इसके आधार पर काल निर्णय किया जाता है। जैसे- पाणिनी की अष्टाध्यायी- इसमें कहीं भी काल संकेत प्राप्त नहीं होता किन्तु वे बुद्ध से अपरिचित थे, यवन के बाद हुए आदि संदर्भों से कई विद्वानों ने अलग-अलग अनुमान किए हैं। कोई 1000 ई.पू. तो कोई 7-8वीं शती ई.पू. का मानता है।

5. उक्ति पद्धति - प्रायः 18वीं शती के बाद की कृतियों में यह पद्धति देखी जाती है। कभी कभी ग्रंथकार काव्यकौशल, अनोखापन या चमत्कार दिखाने की कोशिश करता है, जिसके द्वारा वह काल संकेत भी देता है। जैसे- संवत सत्रह सै सतरह दस, अति दिन तिथि रजनीस तेइ रस; माघ पुनीत सकर गत भानू, उदित पक्ष ऋतु शिशिर समानू। अर्थात् वि.सं. 1726, दिन-कवि (शुक्र), तिथि-रजनीस (चंद्र-1) तेइ (10) + रस (6) = 11 (एकादशी), महिना - माघ, उदित (कृष्ण) पक्ष, भकर राशि सूर्य, शिशिर ऋतु।

के बावजूद

कई लेखों में उपर्युक्त 4 प्रकार के काल संकेत होने पर काल-निर्णय करने में बहुत समस्याएँ

Page No.
Date :

काल संकेत की समस्याएँ

आती है।

1. पाठ-भेद - एक ही ग्रंथ की अनेक प्रतियों में काल विषयक पाठ भेद हो, तब काल-निर्णय नहीं किया जा सकता। जैसे- 'बीसलदेव रासो' की 5 प्रतियों में पाठ भेद से अलग-अलग विद्वान भिन्न-भिन्न काल मानते हैं। कोई 1212, 1272, 1077, 1377, 1309 आदि अलग-अलग मत हैं।

2. पाठ दोष - पाठ दोष यानि भ्रान्त पठन। भ्रान्त पठन के कारण साठ का आठ या चालीस का बालीस भी पढ़ा जा सकता है। कभी-कभी तो इतनी विकृति आ जाती है कि मूल की कल्पना भी दुष्कर हो जाती है।

3. तिथि सन्-संवत् का उल्लेख - जब किसी ग्रंथ में सामान्य परंपरा से हटकर रचनाकार एकाधिक संवतों का उल्लेख करता है, तब भी समस्या खड़ी हो जाती है। जैसे-

सोमत सत्रह से ऐकानवे होई, एगारह सै सन पैंतालीस सोई।

इस रचना में संवत् 1791 और सन् 1145 लिखा है, जो हमारी वर्तमान के समन्वय से को बिल्कुल गलत साबित करता है।

4. यह जानना भी कठिन है कि जिस संवत् का उल्लेख किया है वह चैत्रादि, अषाढ़ादि, श्रावणादि या कार्तिकादि है। और वह पूर्णिमान्त है या अमान्त।

5. वर्ष कभी गत, विगत या अतीत रूप में भी लिखे जाते हैं।

6. कभी तिथि की गणना में लेखक से भूल हो जाती है।

7. शब्दों में काल संख्या देना - किसी शब्द से दो संख्याएँ प्राप्त होती हैं, तो वहाँ कौनसी संख्या सही मानना, इसकी समस्या खड़ी होती है। जैसे- सागर शब्द से 4 और 7, दो संख्याएँ आती हैं। जगदुत्पत्ति कवि की कृति 'इद्दत चमत्कार' में रचनाकाल 'अष्ट सागर पयोनिधि चन्द्र' लिखा है। यहाँ पर सागर और पयोनिधि का अर्थ 4 लेना है या 7, यह समस्या है। इस पद से इतने संवत् बन सकते हैं - 1448, 1748, 1778, 1478 यद्यपि इनमें कुछ समस्याओं का समाधान पाठालोचन से हो सकता है किन्तु कभी-कभी तो पाठालोचन के विद्वान भी निर्णय लेने में असमर्थ होते हैं।

संकेत रहित

जिन लेखों में किसी भी प्रकार से कोई काल संकेत नहीं होता, इनमें काल निर्णय करने के लिए 3 पद्धतियाँ हैं -

बाह्य साक्ष्य

1. बाह्य साक्ष्य - इस पद्धति में प्रस्तुत रचना का अन्य ग्रंथ/रचनाओं के साथ तुलनात्मक अध्ययन निम्नलिखित 4 प्रकारों से किया जाता है -

(क) बाह्य उल्लेख - प्रस्तुत ग्रंथ का अन्य कोई रचना में उल्लेख हो, तो उससे काल की निचली सीमा मिल जाती है। जैसे- नाभादास कृत भक्तमाल में संत-भक्तों का उल्लेख है, अतः वे संत-भक्त भक्तमाल के समकालीन और या पूर्व में ही होंगे।

(ख) लोकानुश्रुतियाँ - रचनाकार विषयक लोकानुश्रुतियों में भी कभी-कभी खोई हुई कड़ी मिल जाती है।

(ग) ऐतिहासिक घटनाक्रम - प्रस्तुत ग्रंथ में कोई घटना का उल्लेख हो और अन्य ग्रंथ में भी उसी घटना का उल्लेख हो, तो वह भी काल निर्णय में सहायक होता है। ऐतिहासिक घटनाक्रम के आधार पर ही 'काव्यालंकार सूत्र' के रचयिता वामन का काल 800 निर्धारित किया गया है।

(घ) सामाजिक परिस्थिति एवं सांस्कृतिक परिवेश- अंतरंग साक्ष्य से प्राप्त सामाजिक एवं सांस्कृतिक सामग्री का बाह्य साक्ष्य से मिलान कर काल निर्णय में सहायता ली जा सकती है। जैसे- 'वसन्त विलास' नामक रचना में जैसा जीवन चित्र का वर्णन किया गया है, वैसा जीवन भारत में इस्लामी शासन के स्थापित होने पर समाप्त हो गया था। अतः रचना अधिकतम 12वीं शती या 13वीं शती के मध्य तक की हो सकती है। ~~इसी प्रकार~~

ये बाह्य साक्ष्य काल संकेत दे सकते हैं किन्तु हमें पहले इनकी प्रामाणिकता पर विचार कर लेना चाहिए क्योंकि वह पाठ क्षेपक या अप्रामाणिक भी हो सकता है। जैसे- वेणीमाधवदास के 'मूलगुंसाई चरित' से महात्मा तुलसी के काल की प्रामाणिक सूचना मिलने की उम्मीद थी किन्तु बाद में वह पूरी कृति ही अप्रामाणिक निकली। ऐसे ही महात्मा तुलसीदास और मीरा के संबंधों में पत्र लिखने वाली लोकानुश्रुति भी ऐतिहासिक प्रमाणों से गलत सिद्ध हो गई। अतः बाह्य साक्ष्य से काल संकेत लेने के बाद भी अंतरंग साक्ष्यों से प्रमाण लेना चाहिए।

6. अंतरंग साक्ष्य

2. अंतरंग साक्ष्य- प्रस्तुत ग्रंथ की सामग्री से ही काल संकेत निकालना। इसमें दो पक्ष होते हैं-

(क) स्थूल पक्ष- लेखन की लिपि, स्याही आदि भौतिक वस्तुओं का अध्ययन करना। इसमें अनेक भेद होते हैं, हम कुछ भेद पर प्रकाश डालेंगे-

(i) लिपि- लिपि के प्रकारों का लेखन के विविध युगों से संबंध है। जैसे- ई.पू. 3000 तक ईंटों पर, फिर बेनारस के खरड़ों पर, ई.पू. 1000 से 800 तक Codex या चर्म पुस्तक का युग माना जाता है। ई.पू. 105 ई.सन् से कागज युग का प्रारंभ हुआ। कागज भी यदि देशी है तो प्रायः 12वीं शती पूर्व का और मिल का बना हुआ है उसके बाद का हो सकता है।

(ii) स्याही- वैज्ञानिक विधि से स्याही के रंग काल का संकेत प्राप्त किया जा सकता है।

(iii) लिपि- लिपि एक विकासात्मक प्रक्रिया है। लेखक ने लिपि के रूप और अक्षर कैसे लिखे हैं, उसके आधार पर भी काल संकेत प्राप्त होता है। अक्षर का एक विशेष रूप एक काल सीमा तक चलता है। ~~अक्षर~~

एक सी लिपि की दो पाण्डुलिपियों की तुलना से भी एक के आधार पर दूसरी पाण्डुलिपि के काल का ज्ञान किया जा सकता है। 'राउलवेल' नामक रचना का काल इसी पद्धति से 'कुर्मशतक' के शिलालेख के समान 11वीं शती ई. अनुमानित किया है।

(iv) लेखन शैली- लिखने की पद्धति, प्रतीक चिह्न, संकेताक्षर, मांगलिक चिह्नों का अंकन आदि सभी काल सापेक्ष है। जैसे- संवत्सर के लिए स, सम्, सव, संवत् संकेताक्षरों का प्रयोग ईसा पूर्व 5वीं शती के बाद नहीं मिलता।

(ख) सूक्ष्म पक्ष- इसमें रचना के विषय का अध्ययन किया जाता है। इनमें कुछ अनेक बातों का सहयोग लिया जाता है। ~~जो निम्न हैं~~- उनमें से यहाँ एक उदाहरण है।

(i) विषय- इस साक्ष्य में ग्रंथ के विषयवस्तु संबंधी बातें आती हैं। जैसे- 'नाट्यशास्त्र' में 4 अलंकारों का ही जिक्र होने से इसे 300 ई. से पहले की रचना माना है।

(ii) भाषा- भाषा भी कालानुसार रूप परिवर्तन आदि को प्राप्त कर आगे बढ़ती है। उसे भी शब्द रूप, शब्द प्रयोग

2. यौगिक – जब एक से अधिक रूढ़ शब्द परस्पर मिलकर किसी विशिष्ट अर्थ को द्योतित करते हैं तब उन्हें यौगिक शब्द कहते हैं। जैसे- 'विद्या' 'वंद्य' दोनों शब्द रूढ़ हैं और मिलकर 'विद्यावत्व' विशिष्ट अर्थ को बताता है।

3. योगरूढ़ – यौगिक शब्दों के साथ भी जब कोई अर्थ रूढ़ हो जाए, उसे योगरूढ़ शब्द कहते हैं। eg. 'जलज' शब्द का अर्थ पानी में उत्पन्न होने वाला' होता है। किन्तु इस अर्थ से कमल, मछली, मोती, सीप आदि भी संकेतित होते हैं किन्तु 'जलज' शब्द के साथ 'कमल' अर्थ रूढ़ हो चुका है। अतः यह 'योगरूढ़' कहलाता है।

3. शब्द रूप

ग्रंथ रचना में 'शब्द रूप' ही उपयोगी होते हैं। अर्थ का आधार शब्द रूप ही है। 'शब्द रूप' का आधार 'अक्षर योग' है। अक्षरावली एक होने के बावजूद भिन्न शब्द रूप बनाने से अर्थ भिन्नता उत्पन्न होती है। जैसे- भानुस हों तो = यदि मैं मनुष्य होऊँ तो
भानु सहों तो = यदि मैं मान सहूँ सहन करूँ तो
अतः यह निश्चित है कि अर्थ ग्रहण शब्द रूप से होता है।

4. शब्द समस्या

पाण्डुलिपि के प्राप्त होने पर ~~सर्वप्रथम~~ उसकी भाषा और लिपि को समझने के बाद शब्द और अर्थ की समस्या आती है।
शब्द समस्या शब्द भेदों के कारण खड़ी होती है। किसी भी पाण्डुलिपि में निम्नलिखित प्रकार से शब्द भेद हो सकते हैं-

1. मिलित शब्द – ~~कोई~~ किसी पाण्डुलिपि में शब्द एक-दूसरे से मिलते हुए पूरी पंक्ति एक साथ ही लिखी जाती है, तब यह समस्या होती है। जैसे - मानुसहोंतोवहींरसखान ; ऐसी पंक्ति में पाठक अपनी सूझ-बूझ से शब्द रूप बनाता है - (i) मानुस हों तो वहीं रसखान (ii) मानु सहों तो वहीं रसखान।
इससे स्पष्ट है कि अपने द्वारा खड़े किए शब्द रूपों का अर्थ भी अपनी तरह ही निकाला जाएगा। अतः पहली समस्या यथार्थ रूप को पकड़कर कवि के अभिप्रेत अर्थ तक पहुँचने की है।

2. विकृत शब्द - प्रायः लिपिक मूलपाठ की यथावत् लिप्यंतरित प्रतिलिपि नहीं कर सकता, जिससे पाठ संबंधी विकृतियाँ स्वाभाविक हैं। ये विकृतियाँ 5 प्रकार से हो सकती हैं -

(i) मात्रा – लघु-गुरु मात्राओं की भूल तो बहुत होती है। जैसे - रात्रि - रात्री। कभी दो मात्राओं में अभेद स्थापित हो जाता है।

(ii) अक्षर – कुछ शब्द ऐसे लिखे जाते हैं, जो कुछ-के-कुछ दिखते हैं। जैसे - क>फ, ष>प, द>व, ख>स्व

(iii) विभक्त अक्षर - कुछ शब्द तोड़कर लिखे जाते हैं। जैसे - कर्म > करम, आत्म > आतम

(iv) युक्ताक्षर - पंसीटाक्षर - प्राचीन राज-काज के पत्रादि पंसीटाक्षरों में लिखने की परंपरा सी थी। अतः इन्हें समझने के लिए लिपिक को निरंतर अभ्यास करवाया जाता था। ऐसे अक्षरों को नहीं समझने के कारण अर्थ समझने में कठिनाई होती थी।

(v) अक्षरीकरण युक्ताक्षर - अक्षरीकरण के कारण एक ही अक्षर को विभिन्न रूपों में लिखा जाता है, जिससे अक्षर समझने में भ्रम हो सकती है।

2. लुप्ताक्षर शब्द - पाण्डुलिपियों में ऐसे शब्द देखे जाते हैं, जिनके भ्रम या त्वरा से जिनके कोई-कोई अक्षर छूट जाते हैं। जैसे- विद्यापति की कीर्तिलता में 'इतराहिम' का विराहिम हो गया है।

4. आगमाक्षरी - लिपिक भ्रम से कभी एक-दो अक्षर ज्यादा भी लिख देता है।

5. विपर्ययाक्षरी - मात्रा की तरह वर्ण-विपर्यय भी हो जाता है।

6. संकेताक्षरी - बड़े शब्दों को संकेत में दर्शाया जाता है। जैसे- संवत्सर के लिए सं., स आदि

7. विशिष्टार्थी शब्द - ये शब्द रूपगत नहीं होते। इनका विशिष्टार्थ जाने बिना हम यथार्थ अर्थ तक नहीं पहुँच सकते। जैसे- प्रषूयम= भूत प्रेत साधक मुसलमान धर्म गुरु, दोष= यातना देना आदि।

8. संख्यातान्तक शब्द - इन शब्द जब एक ही शब्द से दो अर्थ निकले, तब अर्थ की समस्या होती है।

9. वर्तनी-च्युत शब्द - कभी-कभी लिपिक से वर्तनी में भ्रम हो जाती है। जैसे- स का श

11. स्थापन्न शब्द - कोई शब्द पाण्डुलिपि में लिपिक द्वारा छूट गया हो, उस जगह पाठक स्वयं कोई शब्द रख दे, वह स्थापन्न या भ्रमात् शब्द कहा जाता है।

12. अपरिचित शब्द - अतिप्राचीन पाण्डुलिपि में उपयुक्त शब्द अपरिचित भी हो सकता है। उस शब्द का तत्कालीन स्रोतों से अनुसंधान कर सही अर्थ प्रस्तुत करना चाहिए, इसकी उपेक्षा नहीं करना चाहिए। जैसे- कीर्तिलता में 'कज्ज रस' अपरिचित शब्द है।

इस प्रकार अर्थ से ही शब्द की सार्थकता होती है। अतः पाण्डुलिपि-अध्येता के लिए शब्द समस्या की तरह अर्थ समस्या भी महत्वपूर्ण है। अर्थ समस्या के निम्नलिखित कारण हैं-

5. अर्थ समस्या

1. मिलित शब्दावली से उचित शब्द रूप न बनना - मिलित शब्दावली से ठीक शब्द-रूप पर पहुँचने से ठीक अर्थ मिलता है। अतः शब्द रूप बनाने की समस्या भी जटिल है। जैसे- 'भेअ करन्ता मम डवइ' इस वाक्यांश से अलग-अलग विद्वानों ने भिन्न अर्थ निकाले हैं।

2. अपरिचित शब्द के अर्थ तक पहुँचना - अर्थ समस्या का दूसरा कारण अपरिचित शब्द हैं। अपरिचित शब्द का परिचय करना भी बहुत जटिल समस्या है। जैसे- कीर्तिलता में प्रयुक्त 'डवइ' शब्द पूर्व के टीकाकारों ने उल्लेख नहीं किया है। 'अन्य उदाहरण 'संदेश रासक' के आरदृ शब्द का है।

3. व्याकरणिक दृष्टि - व्याकरण पर ध्यान नहीं देने के कारण भी अर्थ समस्या जटिल हो जाती है। जैसे- 'संदेश रासक' में प्रयुक्त 'मीरसेणस्स' शब्द का अर्थ मीर टीकाकारों ने 'मीरसेनानाथ' अर्थ किया है किन्तु कोई विद्वान ने भी इसे षष्ठ्यन्त पद माना है। अतः अर्थ की दृष्टि से व्याकरण पर ध्यान नहीं देने के कारण अर्थ समस्या खड़ी हुई है।

4. भाषाविज्ञान की दृष्टि - शब्द के जिस रूप को अर्थ का हेतु बनाया है, वह व्याकरण के साथ-साथ भाषा-विज्ञान से भी सम्मत होना चाहिए, तभी ठीक अर्थ मिलता है। जैसे- संदेश रासक के शब्द 'अद्दुड्डीणउ' का अर्थ टिप्पणकार 'अट्टोड्डिग्न' और अवचूरिकार ने 'अध्वोड्डिग्न' किया है। किन्तु किसी विद्वान का कहना है कि उद्विग्न का रूपान्तर 'उव्विग्न' होता है, 'उड्डीण' नहीं। अतः 'उड्डीण' का अर्थ 'उड़ता हुआ' होना चाहिए।

5. लक्ष्य-साक्ष्य से अर्थ लेना- किसी शब्द रूप का अर्थ लक्ष्य साक्ष्य से ~~ले~~ लेते हैं, तब भी समस्या खड़ी होती है। जैसे- संदेश रासक में 'कोसिलिं' शब्द का अर्थ लक्ष्य साम्य से कुशल किया गया। किन्तु कोई विद्वान इसका प्रभृत यानि उपहार और अर्घ करते हैं।

6. छन्दानुकूलता- कभी-कभी कवि छन्द की मात्राएँ घटा-बढ़ा देते हैं। इससे भी शब्द रूप के अर्थ ग्रहण में समस्या आती है।

7. देश-काल भेद से शब्दार्थ भेद- ~~प्राचीन~~ प्रायः देश-काल भेद से शब्द और अर्थ भेद होता ही है। प्राचीन कवियों द्वारा एक ही शब्द विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त किए गए हैं। अतः अर्थ ग्रहण के लिए ग्रंथकार और रचना के देश-काल का भी ध्यान रखना चाहिए।

इस प्रकार पाण्डुलिपिविज्ञानार्थी को ~~लिए~~ उत्पन्न होती शब्द और अर्थ की समस्याओं के कारण और समाधान की ओर यहाँ इंगित मात्र है।

6. उपसंहार

पाण्डुलिपि संरक्षण Summary.

पिछले दिनों एक दैनिक समाचार पत्र में आस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय में लगभग 10 हजार पुस्तकों को दफनाने के समाचार ~~सुनकर~~ पढ़कर बहुत हैरानी हुई। कारण में सिर्फ इतना ही कि रख रखाव के लिए पर्याप्त धन नहीं था। इस प्रकार पाण्डुलिपि साहित्य नष्ट होने में धन की कमी भी एक कारण है।

पाण्डुलिपि के नष्ट होने के अन्य कारण भी कई कारण हैं, जिनमें से कुछ निम्नलिखित हैं-

1. प्राकृतिक कारण- दक्षिण की जलवायु में ताड़पत्र जल्दी नष्ट होता है। इसी कारण से नेपाल में प्राप्त ताड़पत्र ग्रंथ अधिक अच्छी स्थिति में मिले हैं। इसी प्रकार कश्मीर से प्राप्त भोजपत्रीय ग्रंथ भी शायद इसलिए बचे रहे क्योंकि उन्हें स्तूपों के भीतर पत्थरों के बीच में रखा गया था।

2. भौतिक कारण- भारत देश अनेक विदेशी आक्रमणकर्ताओं का प्रिय स्थान रहा है। कितने ही विदेशी आक्रान्ता ने मंदिरों, मठों, ग्रंथागारों, पुस्तकालयों आदि को नष्ट किया है। जैसे- सिकंदर ने तक्षशिला विश्वविद्यालय का पुस्तकालय नष्ट कर दिया था।

(ii) साम्प्रदायिक वैमनस्यता भी एक भौतिक कारण है। जैसे- अलाउद्दीन खिलजी वगैरह मुस्लिम राजाओं ने ब्राह्मणों और जैनों पर अत्याचार करने में कुछ कमी नहीं रखी। उन्होंने मंदिर, ग्रंथालय, मनुष्यों, साधु-साध्वी आदि सभी का ध्वंस किया है।

3. पाठक की लापरवाही- कभी-कभी पाठक भी पाण्डुलिपियों की अवहेलना कर देते हैं। जैसे- पानी से भिगो देना, हाथ का पसीना लगना, जैसी-तैसी जगह पर रखना

पाण्डुलिपि संरक्षण Summary

1. आवश्यकता — पाण्डुलिपियों में हमारे पूर्वजों का इतिहास और संस्कृति संस्कृतिक संस्कृति और सभ्यता निहित है। अतः ये पाण्डुलिपियाँ हमारे पूर्वजों की पीढ़ियों की सख्त सांस्कृतिक धरोहर हैं। हम आज यदि इनका संरक्षण, सुरक्षा नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियाँ हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

2. महत्त्व — पाण्डुलिपि की अन्य समस्याओं की तरह रख-रखाव की समस्या भी कम चिन्तनीय नहीं है। पाण्डुलिपि के अनेक प्रकारों (ताड़पत्र, भोजपत्र, चर्मपत्र, कागज, काष्ठ, पटीय, सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल, हाथीदाँत, शंख, सीपी आदि) को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक प्रकार के लिए सुरक्षा की दृष्टि से अलग-अलग विधियाँ होती हैं।

3. नष्ट होने के कारण — सुरक्षा उपायों से पहले यहाँ उनके नष्ट होने के कारणों को कुछ स्पष्ट करते हैं। नष्ट होने के कारण कई हो सकते हैं, जिनका कुछ सामान्य संक्षेप यहाँ प्रस्तुत है -

1. पिछले दिनों एक दैनिक समाचार पत्र में 'आस्ट्रेलिया के एक विश्वविद्यालय में 10 हजार पुस्तकों को दफनाने' के समाचार पढ़कर हैरानी हुई। कारण में सिर्फ धन की कमी। इस प्रकार पाण्डुलिपि के नष्ट होने में धन की कमी एक कारण हो सकता है।

2. प्राकृतिक कारण - (i) सीधी धूप पड़ने से स्याही का रंग फीका हो जाता है।
(ii) वातावरण में अधिक नमी होने से कागज सीलन से सिकुड़ जाता है।
(iii) वातावरण में अम्ल गैस होने से पाण्डुलिपि नष्ट होती है।
कभी-कभी वातावरण का प्रभाव क्षेत्र संबंधी भी होता है। जैसे - (i) दक्षिण की कृष्ण हवा के कारण ताड़पत्र जल्दी नष्ट हो जाते हैं। इस कारण से नेपाल आदि ठंडे प्रदेशों में ताड़पत्र अधिक अच्छी स्थिति में प्राप्त होते हैं। (ii) भोजपत्र की भी यही स्थिति है। कश्मीर से प्राप्त भोजपत्र स्तूपों के भीतर पत्थरों के बीच रखे होने से सुरक्षित रहा हुए।

3. मानवीय कारण - (i) भारत वर्ष अनेक क्रूर विदेशी आक्रमणों का शिकार हुआ है जिससे उसने अपनी पैतृक संपत्ति बहुत खोई है अथवा लुटाई है। कहा जाता है कि सिकंदर ने तक्षशिला विश्वविद्यालय का पुस्तकालय नष्ट किया था।
(ii) साम्प्रदायिक वैमनस्यता के कारण भी मुस्लिमों ने ~~इस~~ ब्राह्मणों, जैनों एवं बौद्धों पर अत्याचार करने में कुछ कमी नहीं रखी। उन्होंने मंदिर, मठ, ग्रंथालय, विद्यापीठों, मनुष्य, साधु-साध्वी आदि सभी का ध्वंस किया।

4. पाठक की लापरवाही - पाठक भी पुस्तकों की अवहेलना प्रभावित करता है। जैसे हाथ का पसीना लगना, जैसे-तैसे स्थान पर रखना आदि।

5. पाण्डुलिपि के शत्रु - (i) फफूँद एवं फफूँद (Mould and Fungus) - ये पाण्डुलिपियों में 24 से 35°C के तापमान पर बहुत तेजी से बढ़ते हैं और उसे नष्ट कर देते हैं।
(ii) कीड़े-मकोड़े - कीड़े-मकोड़े दो प्रकार के होते हैं। (क) प्रथम प्रकार के कीड़े पाण्डुलिपि के ऊपरी भाग जिल्द, पुट्ठे, कपड़े को क्षति पहुँचाते हैं। जैसे - काकरोच, रजत कीट (Silverfish)

(ख) दूसरे प्रकार के कीड़े ग्रंथ को अंदर से क्षति पहुँचाते हैं। जैसे - पुस्तक कीट (Book worm) और सोसिड (Psocid)। Book worm के लारवे ग्रंथ के पन्नों को ऊपर से नीचे तक आर-पार छेद कर देते हैं और गुफाएँ बनाकर रहते हैं। सोसिड यही लारवा उड़कर दूसरी पुस्तक पर भी कीटों को जन्म देता है। सोसिड, पुस्तकों की जूं होती है। भीतर ही भीतर पुस्तकों को नष्ट कर देती है।

(iii) दीमक - दीमक सर्वशक्तिमान, हानिकारक और पाण्डुलिपियों का सबसे बड़ा शत्रु कीड़ा है। इसका घर भूगर्भ में होकर मकान की छत, लकड़ी, कागज आदि सर्वत्र व्यापक होता है। यह पाण्डुलिपियों को खाकर भीतर ही भीतर नष्ट कर देती है।

(iv) चूहा - ग्रंथ भंडार गृह में चूहों का प्रवेश नहीं होना चाहिए। ये चूहे ग्रंथों को बहुत बड़ा नुकसान बहुत कम समय में पहुँचा सकते हैं।

4. प्राचीन सुरक्षा उपाय

प्राचीनकाल में सुरक्षा पाण्डुलिपियों की सुरक्षा

भारत में पाण्डुलिपियों की सुरक्षा में ब्राह्मणों और जैनों का विशेष योगदान है। जैन शास्त्रीय परंपरा में ऐसे पाण्डुलिपियों के संग्रह तहखाने में किए जाते थे, जिससे वे बाह्य शत्रुओं की नज़र में न आए। और जैसलमेर जैसे रेगिस्तान के इलाके में ग्रंथ भंडार बनाने के पीछे भी यही कारण था। आज शायद इसीलिए सांगानेर, जैसलमेर, अजमेर आदि स्थानों में ऐसे तहखानों में ग्रंथालय मिलते हैं, जहाँ जैन साहित्य सुरक्षित है। अणहिल-वाड़ा के प्राचीन ग्रंथागार भी अलाउद्दीन की दृष्टि से बच गए। चूहे - काकरोच से बचाने के लिए ग्रंथों को संदूकों में रखा जाता था और कीट से बचाने के लिए कपूर की गोलियाँ या कंजार की लकड़ी का बुरादा भर दिया जाता था। संग्रह की रखवाली भी विश्वास-पात्र व्यक्तियों को सौंपी जाती थी।

पश्चिम एशिया में तुनहुआंग नामक स्थान रेगिस्तान से घिरा हुआ है। यहाँ पहाड़ी में खोदी हुई 492 से ज्यादा गुफाएँ हैं जहाँ अजन्ता जैसी चित्रकारी और मूर्तियाँ हैं। यहाँ एक बंद कमरा था, जिसमें कहीं भी द्वार नहीं था। एक बार नदी में बाढ़ आई, पानी ऊपर चढ़ा, उससे कक्ष की दीवार में सेंध लग गई। पुजारी ने ईंटों को खिसकाया तो दिखा नीचे पुस्तकों का ढेर। खबर पड़ते ही पूरे विश्व के पुराशास्त्रियों में खलबली मच गई। सर स्टाइन ने लगभग 7000 खरीद 130 खरीदकर ब्रिटिश म्युज़ियम में भेजी। इस संग्रह में एक पुस्तक 11 मई 868 ई. सन् की छपी हुई मुद्रित थी, जो अब प्राय: दुनिया की सबसे प्राचीन छपी हुई पुस्तक है। पुस्तकों की सुरक्षा प्राचीनकाल में इस प्रकार की जाती थी।

5. आधुनिक उपाय

आधुनिक वैज्ञानिक युग के सुरक्षा उपाय

आज का युग विज्ञान का युग है। अत: पाण्डुलिपियों की सुरक्षा के लिए भी कई उपाय खोजे गए हैं।

प्राकृतिक कारणों से सुरक्षा के लिए ग्रंथागार भवन का तापमान 22° C से 25° C के बीच और नमी 45% और से 55% तक रखी जाती है। वातानुकूलित विधि से यह संभव है। इसके

अथवा ग्रंथों को लोहे या लकड़ी की पेटी में रखा जाना चाहिए।

साम्प्रदायिक वैमनस्यता आदि भौतिक कारणों से बचाने के लिए ग्रंथागार एकदम सुरक्षित जगह तहखानों वगैरह में होना चाहिए तथा आगजनी के उपाय संपूर्णतः तैयार होने चाहिए। पाठक की लापरवाही से पाण्डुलिपियों की सुरक्षा के लिए मुनि पुण्य वि. जी कहते हैं कि ~~सभी~~ पाठक के मन में पाण्डुलिपि के लिए पूज्य भाव आदर खड़ा किया जाता है। जिससे वह उसे जैसे-तैसे स्थान पर न रखे, उसे टिकरी पर रखकर पढ़े जिससे हाथ का पसीना न लगे आदि।

पाण्डुलिपि को शत्रुओं से बचाने के लिए अलग-अलग अनेक सुरक्षा उपाय हैं। जैसे- ~~Fungus~~

(i) Fungus से सुरक्षित रखने के लिए तापमान 30°C से अधिक रखना चाहिए अथवा थाईमल रसायन से वाष्प चिकित्सा (Fumigation) करना चाहिए।

(ii) कीटों से बचाने के लिए (क) ग्रंथागार में कोई खाने पीने की वस्तु नहीं रखना चाहिए।
(ख) ग्रंथों की अलमारी, अंधेरे कोनों, छिद्रों, दरारों, दीवारों आदि पर सावधानी पूर्वक DDT, सोडियम फ्लोराइड, नेफ्थलीन की गोलियाँ आदि का छिड़काव करते रहना चाहिए। ग्रंथ पर छिड़कने से धब्बे पड़ने का डर रहता है।
(ग) घातक गैसों (एथीलीन ऑक्साइड, कार्बनडाइ ऑक्साइड) से वाष्प चिकित्सा करना चाहिए।

(iii) दीमक से सुरक्षा का कारगर उपाय धातु की अलमारी है। धूम्रपान नहीं होना चाहिए। यदि दीमक के द्वारा सुरंग बना दी गई हो तो वहाँ तारकोल या क्रियोसोट तेल अथवा DDT का घोल भी छिड़क सकते हैं।

(iv) चूहों से बचाने के लिए भंडारगृह की नालियाँ, जाली, खिड़की, छेद आदि बंद होना चाहिए। भंडार गृह में कोई खाने पीने की वस्तु नहीं रखना चाहिए। चूहेदानी जगह-जगह लगाकर रखना चाहिए। इन उपायों के अलावा भी अनेक वैज्ञानिक विधियाँ हो सकती हैं। जैसे- ग्रंथों की फोटोस्टेट, ~~माइक्रो~~ फिल्मिनेशन, Scanning कराकर एक Soft copy भी Computer में रखी जा सकती है।

नई पाण्डुलिपि की देखभाल

~~नई पाण्डुलिपि~~ पाण्डुलिपि की उचित देखभाल करना भी रख-रखाव के अन्तर्गत ही आता है। नई पाण्डुलिपियाँ कहीं से प्राप्त होती है तब ~~उनकी~~ उनकी दशा अनेक विकृतियों युक्त होती है। जैसे- किसी के कोने मुड़े होते हैं, किसी के कोने फटे होते हैं; किसी के पेज चिपके हुए तो किसी के कागज गीले होते हैं। ऐसी अवस्था में इन पाण्डुलिपियों का तात्कालिक उपचार करना चाहिए। आजकल विकृत पाण्डुलिपियों की चिकित्सा के लिए अनेक वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ खुल गई हैं अथवा अपने स्तर ~~से~~ पर भी साधन सामग्री से थोड़ा ~~सभी~~ प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति पाण्डुलिपियों का उपचार कर सकता है।

7. उपसंहार

यह पाण्डुलिपि के संरक्षण का क्षेत्र भी बहुत बड़ा और विस्तृत है। यहाँ प्रारंभिक शिक्षण के अनुसार उसका संक्षेप में स्थूल बातों को ग्रहण कर एक सामान्य चित्र प्रस्तुत किया है।

पाण्डुलिपि क्षेत्रीय अनुसंधान Summary.

1. प्राप्ति प्रयत्न

सर्व पाण्डुलिपि विज्ञान का प्रवेश पाण्डुलिपि प्राप्ति के प्रयत्नों से होता है। अतः प्राप्ति के प्रयत्न ही क्षेत्रीय अनुसंधान की आधारशिला है। क्षेत्रीय अनुसंधान दो स्तरों पर किया जाता है –

1. पुस्तकालय स्तर- इस स्तर में अनुसंधानकर्ता को तीन प्रकार के पुस्तकालयों से संपर्क करना पड़ता है – (i) धार्मिक – ये पुस्तकालय धार्मिक मंदिरों, मठों, विहारों में होते हैं।
(ii) शासकीय – ये पुस्तकालय राज्य शासन द्वारा परिचालित होते हैं।
(iii) विद्यालयीय – ये पुस्तकालय सार्वजनिक विद्यालय, विश्वविद्यालयों आदि में होते हैं।
2. निजी स्तर पर – हमारे देश में प्राचीन काल से ही पाण्डुलिपियों पोथियों के प्रति अपार श्रद्धा रही है। परिणामस्वरूप घर-घर में हस्तलिखित ग्रंथों का संग्रह किया जाता है।
निजी संग्रहों की दृष्टि से जैन ग्रंथागारों का अधिक योगदान रहा है।
इन संग्रहों में भी प्राप्ति के प्रयत्न किए जाते हैं।

2. अनुसंधानकर्ता के प्रकार

क्षेत्रीय अनुसंधान में अनुसंधानकर्ता का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। वही पाण्डुलिपि विज्ञान की धुरी है। ऐसे अनुसंधान कर्ता 3 प्रकार के होते हैं –

1. प्रथम प्रकार के अनुसंधानकर्ता उच्चकोटि के विद्वान होते हैं, जो ऐतिहासिक, पुरातात्विक सामग्री के संकलन में व्यस्त रहते हैं। जैसे – कर्नल टॉड, डॉ. गौरीशंकर ओझा, मु. पुण्य वि. मु. जिन विजी, डॉ. हूत्सर आदि।
2. दूसरे प्रकार के अनुसंधानकर्ता को खोजकर्ता या एजेण्ट कहा जा सकता है। ये किसी व्यक्ति या संस्था की ओर से पाण्डुलिपियों की विवरण सहित खोज रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।
3. तीसरे प्रकार के अनुसंधानकर्ता व्यवसायिक वृत्ति के होते हैं। ये विद्वानों से पाण्डुलिपि संबंधी जानकारी एकत्र कर इनका संचय करते हैं और लाभ प्राप्त होने पर उन्हें बेचते हैं। इन अनुसंधानकर्ताओं के माध्यम से हमारे देश की विपुल महत्त्वपूर्ण पाण्डुलिपियां विदेश में चली जाती हैं।

3. अनुसंधानकर्ता के गुण

इस प्रकार यह तो सिद्ध ही है कि 'क्षेत्रीय अनुसंधान' के मूल में अनुसंधान कर्ता नींव समान है। अतः एक कुशल अनुसंधान कर्ता के गुण और खूबियाँ यहाँ दी जा रही हैं –

1. लोकप्रियता
2. विश्वासपात्रता
3. व्युत्पन्नमति
4. तत्पर बुद्धि
5. विविध व्यक्तियों के मनोभाव को समझने की बुद्धि
6. दूसरों की कृतज्ञता पा सकने का हुनर
7. किसी भी क्षेत्र के मुखिया, जमींदार आदि के साथ परिचय करने का कौशल्य
8. स्वयं को चारित्रवान, आदर्श, विश्वसनीय रूप में प्रस्तुत करने की कला।

9. ज्योतिष, हस्तरेखा ; वैद्यक विज्ञान की जानकारी भी उपयोगी होती है।

10. अनुसंधानकर्त्ता धैर्यवान भी होना चाहिए, जिससे किसी विशेष पाण्डुलिपि की खोज में वह धैर्यपूर्वक आगे-पीछे की कड़ियों को मिलाते हुए अभीप्सित प्रति तक पहुँच सके।

५. अनुसंधान कर्ता का कर्तव्य

क्षेत्रीय अनुसंधान कर्त्ता का प्रयत्न (यत्न) यही रहना चाहिए कि कैसे भी-कुछ भी करके पाण्डुलिपि प्राप्त हो।

1. अतः उपर्युक्त गुणों से युक्त अनुसंधानकर्त्ता को एक अनुसंधान डायरी, पेन, Scale आदि स्वयं के पास हमेशा रखना चाहिए। किसी भी क्षेत्रीय कार्य के दौरान प्रतिदिन उसे विवरण लिखना चाहिए। जैसे- ग्राम/जगह का नाम, व्यक्ति का नाम, उपलब्ध पाण्डुलिपियों का परिचय-संख्या, कोई विशेष ग्रंथ हो तो इसका विवरण आदि। फिर एक क्षेत्रीय कार्य पूर्ण होने पर उस कार्य का सार भी बना लेना चाहिए जैसे- इस यात्रा प्रवास उसने कितने ग्रंथ देखे, उनका रचनाकार- रचनाकाल- लिप्यासन- स्याही आदि की जानकारी, कितने ग्रंथ प्राप्त हुए, कितने खरीदे आदि।

2. उसे उन ग्रंथों को प्राप्त करने का प्रयास व्यक्ति के व्यवहार कुशलता के हिसाब से करना चाहिए। पहला प्रयत्न तो ऐसा ही होना चाहिए कि ग्रंथ दान या भेंट में निर्मूल्य मिल जाए। यदि कोई महत्त्वपूर्ण बहुमूल्य प्रति हो तो उसे कुछ ले-देकर भी खरीद लेना चाहिए। खरीदी करते समय पाण्डुलिपि के मूल्य निर्धारण में रचनाकाल, लिप्यासन, स्याही, चित्र, अलंकरण, लेखन-शैली की विशेषता, वर्णित विषय का महत्त्व आदि का ध्यान रखना चाहिए।

6. मूल्य देकर खरीदी गई पुस्तक/ग्रंथ का प्रमाण पत्र भी विक्रेता से प्राप्त कर लेना चाहिए ताकि चोरी होने पर प्रमाण पत्र काम आ सके।

7. उस ग्रंथ का पूर्ण विवरण अपने पास भी रखना चाहिए।

६. पाण्डुलिपि विवरण

क्षेत्रीय अनुसंधान में पाण्डुलिपि का विवरण मुख्यतः दो दृष्टियों से देना चाहिए-

1. बहिरंग विवरण- सर्वप्रथम ग्रंथ आपके हाथ में आता है, तब उसके उसके आकार-प्रकार पर आपकी निगाहें पड़ती हैं। ये आकार-प्रकार ही बहिरंग विवरण के अन्तर्गत हैं। ग्रंथ का आकार, पृष्ठ संख्या, लिखित पृष्ठ, रिक्त पृष्ठ, चित्र वाले पृष्ठों की संख्या, स्याही का रंग कैसा है, लिप्यासन, प्रतिपृष्ठ पंक्तियों की संख्या, प्रतिपंक्ति अक्षरों की संख्या आदि जानकारियाँ बहिरंग विवरण में लिखी जानी चाहिए।

2. अंतरंग विवरण- ग्रंथ का नाम, रचनाकार का नाम, लिपिक का नाम, रचनाकाल, लिपिक का काल, आदि में मंगल स्वरूप गुरु या इष्टदेवता की स्तुति, रचना में कुल कितने अध्याय/अध्ययन/प्रकरण हैं, रचना का वर्ण्य विषय, उस ग्रंथ की भाषा, लिपि आदि का वर्णन किया जाना चाहिए।

इनके अलावा पाण्डुलिपि-विवरण में अन्य अपेक्षित बातें-

1. ग्रंथ का स्वरूप- उस ग्रंथ की स्थिति फिलहाल कैसी है, यह भी विवरण में वर्णित करना चाहिए। जैसे- कागज कटे फटे हैं या नहीं? यदि फटे हैं तो कितने हैं? कागज गल गया है, स्याही चूल गई है, कागज पर धब्बे हैं, दीमक ने खा लिया है आदि।

2. ग्रंथ का रख-रखाव- वह पाण्डुलिपि वेष्टन से सुरक्षित है, वेष्टन किस प्रकार है, यदि ग्रंथ पेटी में रखा है तो पेटी किस प्रकार की है, प्राचीन ताड़पत्र हो तो काष्ठपट्ट ऊपर-नीचे लगाकर डोरी बाँधकर गाँठ भी

लगाने की गुंजाइश है या नहीं? आदि विवरण भी अपेक्षित है।

अनुसंधानकर्ता को पाण्डुलिपि विज्ञान के प्रसिद्ध वैज्ञानिक की विवरण रिपोर्ट भी देख अनुभव के लिए देख लेना चाहिए, जिससे अलग-अलग पद्धतियों का ज्ञान हो।

6. विवरण रिपोर्ट के लाभ — विवरण रिपोर्ट अनुसंधानकर्ता को स्वयं अपने पास भी रखना चाहिए, जिससे वह उसके अनेक लाभ प्राप्त कर सके। अनुसंधान के कार्य में एकरूपता रहना और एकाधिक रिपोर्टों के प्रारूप से तुलनात्मक अध्ययन करना, ये दो लाभ विवरण से होने वाले अनेक लाभों में मुख्य हैं।

7. जाली पाण्डुलिपि — क्षेत्रीय अनुसंधानकर्ता को अनुसंधान के कार्य में जाली या नकली हस्तलिखित ग्रंथों के प्रति सावधानी रखना भी बहुत आवश्यक है क्योंकि पाण्डुलिपियों के व्यवसाय में अधिक लाभ होने से आज का भौतिकवादी मनुष्य दानकमाने के लिए कोई भी नुस्खा बाकी नहीं रखता। पाण्डुलिपियों के व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होने से जाली और नकली पाण्डुलिपियाँ तैयार कर बेचने का धंधा, सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि विदेश में भी बहुत ज़ोर में है, जिसमें अच्छे-अच्छे कुशल जानकार भी जालसाजी के शिकार हो जाते हैं। अतः पाण्डुलिपि के वैज्ञानिक को इस ज्ञान की आवश्यकता जानकारी भी होना चाहिए।

8. उपसंहार — इस प्रकार पाण्डुलिपि विज्ञान के विद्यार्थी के लिए उपयोगी ऐसा प्राथमिक चरण 'क्षेत्रीय अनुसंधान' का यहाँ सामान्य चित्रण किया गया, जिसके विस्तार में अनेक विवरण संभव है।

लिपि Summary

1. लिपि का महत्त्व
1. लिपि के कारण ही कोई भी लेख पाण्डुलिपि कहलाता है।
2. किसी को दृश्य या पाठ्य बनाने का माध्यम लिपि यानि लिपि।
3. हजारों वर्षों पुरानी प्राचीन भाषाएँ आज भी लेख रूप में सुरक्षित एकमात्र लिपि के कारण।

ऊपर लिखित बिन्दुओं और भी अनेक कई कारणों से लिपि का महत्त्व सर्वविदित एवं निर्विवाद है, भले ही वह प्राचीन हो या अर्वाचीन। अतः पाण्डुलिपिविज्ञान के विद्यार्थी को सभी लिपियों का ज्ञान आवश्यक नहीं है किन्तु उस वैज्ञानिक लिपि का ज्ञान अपेक्षित है जिससे किसी भी लिपि को पकट किया जा सके।

2. लिपि का विकास क्रम — लेखन और लिपि का विकास क्रम कुल 4 चरण में 4 विद्वानों द्वारा स्वीकारा गया है।

1. चित्र अंकन 2. (चित्रलिपि) रेखाचित्र लिपि 3. ध्वनि अक्षर/वर्णात्मक लिपि 4. ध्वनि।

एक-एक चरण को क्रम से देखते हैं-

1. आदि मानव को जब प्रारंभ में स्वयं के भावों को या घटनाओं को कहने की या बताने की आवश्यकता हुई, तब उसने वस्तु के बिम्ब ही दीवालों पर, गुफाओं में, ईंटों पर बनाना शुरू किए। शायद उस समय ये चित्र ही एक-दूसरे के विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम होंगे। इसे ही विद्वानों ने लिपि के विकास क्रम में पहला चरण माना है।
इस प्रकार के चित्र चीन और मिस्र में काफी प्राचीन प्राप्त होते हैं इसलिए अनुमान है कि लिपि के विकास का प्रारंभ वहीं से हुआ होगा।

2. जैसे-जैसे लिपि आदि मानव का विकास हुआ, वैसे वह इन चित्र-बिम्बों को भी बदलने लगा या कम करने लगा जिससे कम से कम चित्रों में अधिक भाव प्रस्तुत हो। वहीं से रेखाचित्रों का प्रारंभ हुआ। जैसे- मनुष्य का रेखाचित्र - 🚶। इन रेखाचित्रों को ही चित्रलिपि कहा जाता है। इस चित्रलिपि का उदय मिस्र में 3100 ई.पू. हुआ होगा। चीन-मिस्र के अलावा लिपि मेसोपोटैमिया में भी पायी गयी है।

3. ये रेखाचित्र आगे जाकर धीरे-धीरे वर्णों और अक्षरों के रूप में रूढ़ हुए। वर्तमान में अक्षरात्मक और वर्णात्मक लिपियाँ जो प्रसिद्ध हैं, वे इनका ही आधुनिक रूप हैं।
आज विश्व में प्रायः 3 प्रकार की लिपियाँ हैं -
(i) दाएँ से बाएँ लिखी जाने वाली = eg. फारसी
(ii) बाएँ से दाएँ लिखी जाने वाली = eg. देवनागरी, रोमन
(iii) ऊपर से नीचे - eg. चीनी।

4. ध्वनि-लिपि के विकास के साथ-साथ ध्वनि का विकास भी आदिम मनुष्य के समय से ही हो रहा है, जिसका प्रारंभ वस्तु को नाम देने से हुआ। इससे वस्तु का चित्र भी ध्वनि से जुड़ा। आगे चलकर जब वर्णात्मक लिपि हुई तब ध्वनि मात्र वर्ण के प्रतीक चिह्न स्वरूप हो गया। अब लिपि पूरी ध्वनिमूलक हुई।
ध्वनिमूलक लिपि की वर्णमाला के 2 भेद हैं - (i) अक्षरात्मक (Syllabic) - eg. देवनागरी लिपि क + अ = क। (ii) वर्णात्मक (Alphabetic) - eg. रोमन लिपि K।

3. लिपि का इतिहास

इतिहासविद् लिपि के विकास क्रम का प्रारंभ मिस्र और चीन से मानते हैं। इसके अलावा रेखाचित्र की शुरुआत मैसोपोटैमिया में सुमेरी जाति द्वारा किया गया। सामी लिपि में 22 वर्ण थे। इनका प्रयोग ईरान में भी शुरू हुआ।
यूरोप की समस्त लिपियों का विकास ग्रीक लिपि से हुआ है। इटली और इसके आस-पास एत्रुस्की भाषा का प्रयोग होता था, जिसका मूल भी ग्रीस ही था। रोम में लैटिन भाषा के ई.पू. 4थी शती के लेख प्राप्त हुए। इनकी लिपि ग्रीक और एत्रुस्की का मिश्रण थी। इसे ही रोमन लिपि कहते हैं। प्रारंभ में रोमन लिपि के 23 वर्ण 1ली-2री सदी तक 26 हो गए।
अरबी-फारसी लिपि का मूल आरमानी लिपि मानी जाती है। आरमानी लिपि का सबसे पुराना लेख ई.पू. 800 का प्राप्त हुआ है। ईरान और आस पास के प्रदेशों में यही लिपि प्रचलित थी।

भारत में ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियाँ विकसित हुई। सम्राट अशोक के समय से ई.सन् की तीसरी सदी के खरोष्ठी लिपि के लेख प्राप्त होते हैं। भारत की समस्त लिपियों का विकास ब्राह्मी से हुआ।

ब्राह्मी लिपि - 1. भारत में यही लिपि सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है।
2. प्रायः भारत की समस्त लिपियों का विकास इसी लिपि से हुआ।
3. 'ललित-विस्तर' नामक ग्रंथ में 64 लिपियों का उल्लेख है, जिनमें सबसे पहला है 'ब्राह्मी लिपि'।
4. शुद्धता और सम्पूर्णता की दृष्टि से भी खरोष्ठी की अपेक्षा ब्राह्मी अधिक बेहतर है।
5. इस लिपि का काल लगभग ई.पू. 500 से ई. सन् 350 तक माना जाता है।
6. अशोक के प्राचीन शिलालेख भी इसी लिपि में हैं।

→ ब्राह्मी की उत्पत्ति - ब्राह्मी की उत्पत्ति के बारे में दो विचारधाराएँ हैं -

1. विदेशी लिपि से उत्पन्न - (i) बिल्सन, प्रिंसेप आदि विद्वान ब्राह्मी की उत्पत्ति ग्रीक या फोनीशी से मानते हैं। (ii) वूलर उत्तरी सामी से ब्राह्मी की उत्पत्ति मानते हैं। (iii) टेलर दक्षिणी सामी से उत्पत्ति मानते हैं।
इन सब मतों का खंडन अलग-अलग विद्वानों ने किया है।

2. ब्राह्मी भारतीय लिपि है - इस मत में टामस, कनिंघम, गौरीशंकर ओझा, डॉ. तारापुरवाला आदि विद्वान हैं। ~~मास्त~~ ब्राह्मी भारत के आर्यों का मौलिक आविष्कार है। इनमें भी अलग अलग मत इस प्रकार है - (i) इसका कर्ता ब्रह्मदेवता होने के कारण ब्राह्मी नाम पड़ा (ii) ब्राह्मणों की लिपि होने से ब्राह्मी कहलाई (iii) ब्रह्म ज्ञान की रक्षा का साधन होने से यह नाम पड़ा (iv) जैन मतानुसार इनके आप तीर्थंकर ऋषभदेव ने स्वयं की पुत्री ब्राह्मी को यह लिपि सीखाई थी।

खरोष्ठी लिपि

परिचय (1) (i) भारत में प्राचीन लिपियों में एक खरोष्ठी भी है।
(ii) 'ललितविस्तर' नामक ग्रंथ में ब्राह्मी के बाद खरोष्ठी का ही उल्लेख है।
(iii) इसका प्रचार पंजाब में तीसरी सदी ई. तक था बाद में यह लुप्त हुई।

उत्पत्ति (2) यह लिपि दाएँ से बाएँ चलती है। इसके 11 अक्षर अरमइक के अक्षरों से मिलते-जुलते हैं, अतः अनुमान है कि ईरानियों के राजत्व काल में अरमइक लिपि का प्रवेश हुआ होगा और उससे ही खरोष्ठी का उद्भव हुआ। बाद में किसी खरोष्ठ नामक आचार्य (शायद तक्षशिला के) ने संशोधन कर प्रचारित किया।

इतिहास (3) ब्राह्मी की तुलना में खरोष्ठी के लेख बहुत कम हैं। वे भी भारत के पश्चिमोत्तर देश और पंजाब में ही पाए गए हैं। अशोक के शहबाजगढ़ी और मनसेहरा वाले लेख खरोष्ठी में
- अरमइक में भी स्वरों की अपूर्णता तथा ह्रस्व-दीर्घ मात्राओं के भेद का अभाव था।

Page No.
Date :

हैं। इसका इस लिपि का एक-एक अक्षर ईरानी सिक्कों पर मिलता है, जो लगभग ई.पू. पाँचवीं शती के अनुमानित हैं।

ब्रह्मचंदजी	- वड्ढमाण काव्य 1481	
होलियावाला	- द्रव्य संग्रह 1416	
तृणकरणजी	परमात्म प्रकाश 1407	- ८ प्रति
दि. जैन मं. तेरा.	- पंचास्तिकाय 1329	- 100 चित्र
दि. जैन मं. पाटोदी	- जसहर चरिउ 1407	- 200 पुराना

पाठालोचन

① प्रस्तावना → अनेक प्रति → अनेक पाठान्तर भेद → दुविधा → पाठ. वि. आवश्यकता वि. की समस्या।
② मूलपाठ → परिभाषा → महत्त्व (अवतर्नी, इतिहास, पाठ्यकोशज्ञान, ऐतिहासिक तथ्यों, काल, आदर्श) → ध्येय → विशेष सुरक्षा
③ विकार के कारण → लिपिक → असावधानी, अपरिमितज्ञान, अपरिचित विषय → उच्चारण प्रमाद, भ्रम, छूट-भूल-आगम (उपसर्ग, शब्दांश, पंक्ति, शब्द, प्रत्यय, छूट की जगह स्वयं ज्ञान प्रक्षेप)
④ समस्याएँ - 3. क्षेपक, छूट-भूल, अप्रामाणिक रचना
⑤ वंशवृक्ष - लेखन शैली भिन्न, शु, युग्म संतानीय भिन्न, एक की दो प्रतियाँ भिन्न, अन्वेषी। पाठालोचन का कार्य
⑥ प्रणाली - 3 स्वेच्छया पाठ विधारण, तुलनात्मक, वैज्ञानिक
⑦ वैज्ञानिक प्रणाली - 5 step - ग्रंथ संग्रह, संकेत (क्रमांक, लिपिक, स्थान, पाठसाम्य सूचक), तुलना, वंशवृक्ष
⑧ अंतरंग - बाह्य साक्ष्य - अर्थन्यास
⑨ पुनर्निर्माण - फ्रैंकलिन एडगर्टन पंचतंत्र।

काल निर्णय

① प्रस्तावना - लिपि, ग्रंथालोचन से मूलपाठ
② वीर सं., शक सं., राज्य, हिजरी, ई. सन्
③ दो प्रकार - कालसंकेत ✓ | ✗
④ काल संकेत में 4 पद्धति - (i) ऐतिहासिक उल्लेख (अशोक के शिलालेख में राज्य वर्ष, शक) (ii) समकालीन संदर्भ (अशोक के 12वें शिलालेख में) (iii) प्रेतरंग साक्ष्य (परिचित / अपरिचित) (पाणिनी) (iv) जंत्रि पद्धति - चमत्कार अनेकाक्षर (संवत सप्तदश सौरह दस, कवि दिन तिथि रजनीश वेद रस, माघ पुन्नीत मकरगत भानू, अमित पक्ष अतु तिथि समानू)
⑤ समस्याएँ - (i) पाठ भेद (बीसलदेव रास - 1220, 1230, 1300, 1400) (ii) पाठ दोष (iii) तिथि तन्त्र का उल्लेख (संवत सप्तदश रसानते होइ, शाहद से सन पैंसालीस होइ - 1745 सं., 1745 मन)
(iv) पूर्णान्ति / प्रशान्त + चैत्रादि, कार्तिकादि (v) लेखक से भूल (vi) अतीत रूप (vii) जंत्रि पद्धति - अहि सगर पयोनिधि चन्दु - 4, 7 |
⑥ काल संकेत न हो तो 3 पद्धति - 1. बाह्य साक्ष्य - 42, अंतरंग साक्ष्य - 3 3. वैज्ञानिक प्रविधि - 3 |
⑦ बाह्य साक्ष्य - बाह्य उल्लेख (नाभादास कृत भक्तमाल), लोकानुश्रुतियाँ, ऐतिहासिक घटनाक्रम (कालगणना सूत्र, रामन, ई.20
~~ऐतिहासिक परिवेश~~ सामाजिक स्थिति एवं सांस्कृतिक परिवेश (बीसलदेव रास) → प्रामाणिकता
⑧ अंतरंग साक्ष्य - 3 प्रकार 1. स्थूल पक्ष - भौतिक सामग्री 2. सूक्ष्म पक्ष → 3. भाषा → बीसलदेव रास - 1330 - 1500 ई. (नाट्यशास्त्र, ई 300, 4 अलंकार)
1. (i) लिप्यासन (ii) स्याही (iii) लिपि (रणथंभौर - कुर्मशतक - 11वीं) (iv) लेखन शैली (संकेताक्षर, प्रांतिक, युगीन विशेष)
⑨ वैज्ञानिक - (i) 100 में 1½" (ii) Radioactive (iii) वृक्ष की आयु

सुरक्षा

① अनिवार्यकता एवं महत्त्व
② नष्ट होने के कारण - 1. धन की कमी 2. प्राकृतिक कारण 3. बाह्य आक्रमण (भौतिक) 4. सामाजिक वैमनस्यता 5. पाठक की लापरवाही 6. शत्रु - (i) मुकड़ी एवं फफूँद (ii) कीड़े - प्रकोड़े - 2 प्रकार (iii) दीमक (iv) चूहा।
③ जैनों - ब्राह्मणों, तहखाने, संदूक, कपूर की गोलियों एवं कचनार की लकड़ी, विश्वासपात्र व्यक्ति। नुन्नाड़, 4726 गुफाएँ, बाघ, शाहजहाँ ने 7000 खरीद, 1857 ई.
④ आधुनिक उपाय - प्राकृतिक - AC / बनावटी। भौतिक कारणों - तहखानों / भागदौड़ मना। पाठक - पूज्यता। शत्रुओं - (i) Fungus - Fumigation (Thymol Liquid) (ii) कीटों - खाद्य वस्तु ✗ / छिड़काव / घातक गैसों (iii) दीमक - धातु की अलमारी / विषैलो 1000 (iv) चूहे - खाद्य ✗ / छिड़ ✗ / चूहेदानी |



हसामि हसावि हसोमि

हसाम, हसास, हसिम हसेम हसामो, हसामो, हसिमो, हसेमो
हसामु हसामु हसिमु हसेमु

प्राकृत

क्रियापद

★ **वर्तमान काल**

मि [3,1] (अ,आ,ए)	मो,मु,म [12,3] (अ,आ,इ,ए)	मु [4,1] (अ,आ,इ,ए)	मो [3,1] (अ,आ,ए)
सि, से [3,1] (अ,ए)	ह, त्था, ध [6,3] (अ,ए)	हि,सु,थि,०,इज्जसु,इज्जे इज्जाहि [10,3] (अ,ए)	ह, ध [4,2] (अ,ए)
इ, दि, ए, दे [6,2] (अ,ए)	न्ति, न्ते, इरे [4,3] (अ,ए)	उ, दु [4,2] (अ,ए)	न्नु [2,1] (अ,ए)

★ **विधि- आज्ञा**

★ **भूतकाल** - अकारान्त में ईअ (इत्था, इंसु), आ-ओकारान्त में सी, ही, हीअ (इत्था, इंसु) [1,3]

★ **भविष्यकाल**

हि, हा, स्सा, स्सि, स्सं + मि [9,5] (ए,ए) (ए) (ए,ए)

हि, स्स, सि + सि, से [10,3] (ए,ए) (ए)

हि स्स स्सि + इ ए दि दे [18,5] (ए,ए) (ए)

हि, हा, स्सा, स्सि, ~~स्सं~~ + मो मु म [21+2, 12] (ए,ए) (ए) हिस्सा, हित्था

हि, स्स, सि + ह इत्था ध [15,9] (ए,ए) (ए)

हि, स्स, सि + न्ति न्ते इरे [15,9] (ए,ए) (ए)

→ वर्त. और भवि. काल में 1. अकारान्त धातु के अ का इ, ए + ज्ज, ज्जा (~~वर्त में~~ भ. में इ भी होता है।)

हसेज्ज, हसेज्जा, हसिज्ज, हसिज्जा

(अर्थभेदकारी) 2. आ-ओ धातु + ज्ज, ज्जा ठाज्ज, ठाज्जा

3. " + अ विकरण का ए + ज्ज, ज्जा ठाएज्ज, ठाएज्जा, ठाइज्ज, ठाइज्जा (भ. में इ भी)

★ **संबन्धक भूत कृदन्त** - ऊणं/ऊणं, दूणं/दूणं, आय, ऊ, त्ता (इ,ए) [16,8]

★ **हेत्वर्थक कृदन्त** - उं/दुं (इ,ए) [4,2]

★ **भूत कृदन्त** - आय, त, द (इ) [4,4]

★ **वर्तमान कृदन्त** - न्त, माण [2,2]

★ **विधि कृदन्त** - अव्व/यव्व, तव्व, दव्व, णीय [9,4] (इ,ए)

शब्द

	★ पु. (नपु.)		★ स्त्री.	
1.	ओ, ए, ० (०)	आ, ०, अं, अंओ, अंओ णो	०, आ (आइं, आईं, आणि)	०, उ, ओ, आ
2.	" (०)	आ, ए, ०, णो (")	"	०, उ, ओ, आ
3.	ण, णं, णा (ए)	हि, हिं, हिँ	अ, इ, ए, आ	हि, हिं, हिँ
4.	आय, स्स, णो	ण, णं	"	ण, णं
5.	त्तो, आ, उ, ओ, हि, हिन्तो, सुन्तो (अ,ए)	त्तो, उ, ओ, हि, हिन्तो, सुन्तो	" त्तो, उ, ओ	त्तो, उ, ओ, हिन्तो, सुन्तो
	हि, हिन्तो, णो		हिन्तो	
6.	स्स, णो	ण, णं	"	ण, णं
7.	ए, म्मि	सु, सुं	"	सु, सुं
8.	आ, ओ, ए, ०	"	कहे, कहा, कहं, कहइ, लाच्चेइ	"

Page No.
Date :

सर्वनाम

	★ अम्ह		★ तुम्ह	
1.	महं, हं, अम्मि	अम्हे / वयं	तुमं / तुं / तुह	तुम्हे / तुज्झे / तुब्भे
2.	ममं, मं, मि	अम्हे / अम्ह / वे	तुमं / तुं	तुम्हे / तुन्हे / तुब्भे / वे
3.	मइ / मए / मे / ममए	अम्हेहि / अम्हाहि	तइ / तए / तुमे / तुमए	तुम्हेहिं / तुज्झेहिं / तुब्भेहिं
4.	मम / मह / मज्झ	अम्हाण / अम्हाणं / मम्हाण / ममाणं / मज्झाण / मज्झाणं	तुम्ह / तुह / तुज्झ	तुम्हाण / तुम्माण / तुहाण / तुज्झाण / तुज्झाणं
5.	मइत्तो / ममाओ / मज्झाओ / ममाहिन्तो	अम्हाओ / अम्हेहि / ममाहिन्तो / ममासुन्तो / ममेहिन्तो	तुवत्तो / तुमाओ / तुहाओ / तुम्हाहिन्तो	तुज्झाओ / तुम्हाहिन्तो / तुम्हासुन्तो / तुब्भेहिन्तो / तुब्भासुन्तो
7.	अम्हम्मि / मे / मम्मि / मह	अम्हेसु / ममेसु / मज्झेसु	तुमए / तुहम्मि / तुमम्मि	तुसु / तुमेसु / तुम्हेसु

	★ त (पुं.) हत्थं		★ स्त्री.	
1.	सो (तं)	ते (ताइं, ताइँ, ताणि)	सा	ता / ताउ / ताओ
2.	तं (तं)	ता, ते (")	तं	ता / ताउ / ताओ
3.	तेण, तेणं	तेहिं, तेहिँ, तेहि	ताअ / ताइ / ताए	ताहि / ताहिं / ताहिँ
4&6.	तस्स / तस्सा / से	तेसिं / ताण / ताणं	ताअ / ताइ / ताए / तास / से (तिस्सा)	तेसिं / ताण / ताणं
5.	ताउ / ताओ / ताहिन्तो	ताहिन्तो / तेहिन्तो / तासुन्तो	ताअ / ताइ / ताए / तत्तो	तीओ / तीहिन्तो / तीसुन्तो
7.	तंमि / तस्सिं / तहिं	तेसु / तेसुं	ताअ / ताइ / ताए	तासु / तासुं / तीसु / तीसुं

क्रियारूप:- १. वर्तमानकाल - हसामि, हसेमि, हसामि / हसम, हसाम, हसिम, हसेम, हसमो, हसामो, हसेमो, हसिमो, हसन्, हसामु, हसिमु, हसेम / हसासि, हसेसि, हससे / हसह, हसेह, हसित्था, हसेइत्था, हसथ, हसेथ / हस्सइ, हसेइ, हसदि, हसेदि, हसए, हस्सदे / हसन्ति, हसेन्ति, हसन्ते, हसिरे / २. विधि- आज्ञा - हसउ, हसामु, हसिमु, हसेमु / हसमो, हसामो, हसेमो / हससु, हससु, हसाहि, हसेहि, हसाधि, हसेधि, हस, हसेज्जहि, हसेज्जसु / हसह, हसेह, हसथ, हसेथ / हसउ, हसेउ / हसन्तु, हसेन्तु / ३. भूतकाल - हसीअ / ४. भवि हसिहामि, हसेहामि, हसिहिमि, हसेहिमि, हसिस्सामि, हसेस्सामि, हसीहिमि, हसिस्सं, हसेस्सं / हसिहित्था, हसिहिस्था, हसिहिमो, हसेहिमो, हसिहामो, हसेहामो, हसिस्सामो, हसेस्सामो, हसिस्सिमो, हसिस्सिम, हसिहिम, हसिहिमु, हसिस्सामु, हसेहामु, हसेस्सामु, हसिहिम, हसेहिम, हसिस्सम, हसिस्साम, हसेहाम, हसेस्साम / हसिहिसि, हसेहिसि, हसिस्ससि, हसिस्सासि, हसिस्सिसि, हसिहिसि, हसेहिसे, हसेस्सधे / हसिहिह, हसिहित्था, हसिहिध, हसेहिह, हसेहित्था, हसेहिध, हसिस्सह, हसिस्सइत्था, हसिस्सध, हसेस्सह, हसेस्सइत्था, हसेस्सध, हसिस्सिह, हसिस्सिइत्था, हसिस्सिध / हसिहिइ, हसिहिए, हसिहिदि, हसिहिदे, हसेहिइ, हसेहिदि, हसेहिए, हसेहिदे, हसिस्सइ, हसिस्सए, हसिस्सदि, हसिस्सदे, हसेस्सइ, हसेस्सदि, हसेस्सए, हसेस्सदे, हसिस्सिइ, हसिस्सिदि / हसिहिन्ति, हसेहिन्ति, हसिहिन्ते, हसेहिन्ते, हसिहिरे, हसेहिरे, हसिस्सन्ति, हसेस्सन्ति, हसिस्सन्ते, हसेस्सन्ते, हसिस्सिरे, हसेस्सिरे, हसिस्सिन्ति, हसिस्सिन्ते, हसिस्सिरे / १. व. - ठामि / ठामो, ठमु, ठम्म / ठासि, ठाह, ठाइत्था, ठाध / ठाइ, ठादि / ठन्ति, ठन्ते, ठाइरे / २. वि- ठामु / ठामो / ठाहि, ठसु, ठाधि / ठह, ठध / ठउ, ठदु / ठन्तु / ३. भू - ठासी, ठाही, ठाहीअ / ४. भ. - ठाहिमि, ठाहामि, ठास्सामि, ठास्सं, ठाहिस्सामि / ठाहिमो, ठाहामो, ठास्सामो, ठास्सिमो, ठाहिमु, ठाहामु, ठास्सामु, ठास्सिमु, ठाहिम, ठाहाम, ठास्साम, ठास्सिम / ठाहिह, ठाहिस्सि, ठास्सासि / ठाहिह, ठाहिह, ठास्सह, ठाहित्था, ठाहइत्था (सि), ठास्सइत्था, ठाहिध, ठाहध (सि), ठास्सध / ठाहिइ, ठाहिदि, ठाहिए, ठाहिदे, ठास्सइ, ठास्सदि, ठास्सए, ठास्सदे / ठास्सिइ, ठास्सिदि / ठाहिन्ति, ठास्सन्ति, ठाहिन्ते, ठास्सन्ते, ठाहिरे, ठास्सिरे, ठास्सिन्ति, ठास्सिन्ते, ठास्सिरे /

प्राकृत शिलालेख

महत्त्व

किसी भी भाषा के साहित्य का अध्ययन करने के लिए शिलालेख सर्वोत्तम साधन हैं क्योंकि कोमल लिप्यासन (जैसे-ताड़पत्र, कागज) पर लिखे लेखों में परिवर्तन की गुंजाईश रहती है किन्तु शिलाओं पर कोरित या उभारे गए लेख हजारों वर्षों तक उसी अवस्था में रहते हैं। अतः शिलालेखों से तत्कालीन भाषा आदि की जानकारी व्यवस्थित मिलती है।

2. अशोक

भारत वर्ष में सबसे प्राचीन शिलालेख सम्राट अशोक के मिलते हैं। स्वयं के राज्याभिषेक (ई.पू. 269) से के 12 वर्ष बाद उसने गिरनार, कालसी (जि. देहरादून), धौली (उड़ीसा), जौगड़ (उड़ीसा), मनसेहरा (हजारा, उत्तर-पश्चिमी सीमा), शाहबाजगढ़ी (पेशावर), येरगुड़ी (मद्रास), सोपारा (ठाणा) नामक स्थानों में शिलालेखों में धर्मलिपियों को उत्कीर्ण करवाया था। ये सभी लेख पालि भाषा में और ब्राह्मी लिपि में विद्यमान हैं। इनमें से ~~कलेख~~, शाहबाजगढ़ी और मनसेहरा वाले, दो लेख खरोष्ठी लिपि में हैं।

3. हाथीगुफा

प्राकृत के शिलालेखों में ~~सब~~ राजा खारवेल द्वारा उत्कीर्ण हाथीगुफा का शिलालेख भी अत्यंत प्राचीन है। यह लेख उड़ीसा में भुवनेश्वर (जि. पुरी) के पास उदयगिरि नामक पर्वत पर उत्कीर्ण है। इसकी भाषा भी पालि से मिलती-जुलती है ~~अर्ध~~ तथा लिपि ब्राह्मी। भाषा का प्रवाह अशोक के शिलालेखों की अपेक्षा अधिक है अतः उस समय की प्राकृत भाषा की समृद्धि का पता चलता है। यह लेख लगभग ई.सन् के पूर्व प्रथम शती के अंत में उत्कीर्ण किया गया है।

इस लेख में राजा खारवेल के राज्य के 13 वर्षों का वर्णन है। प्रारंभ में 'नमो अरहंतानं नमो सव-सिधानं।।' पद द्वारा अरिहंत और सभी सिद्ध भगवंतों को नमस्कार किया है। फिर सम्राट खारवेल के भिन्न-भिन्न विशेषण दिए गए हैं, जैसे- जिनसे पता चलता है कि वे चेदि राजवंश के थे, कलिंग देश के राजा थे। तत्पश्चात् उनकी बालक्रीड़ा, युवराज पद आदि का उल्लेख है। उन्होंने 16 वर्ष की उम्र तक बालक्रीड़ा की, फिर वे नौ वर्ष तक युवराज पद पर रहे। इस प्रकार कुल 24 वर्ष की उम्र में वे राजगद्दी पर आरूढ़ हुए। राज्याभिषेक के बाद प्रथम वर्ष में ही उन्होंने झंझावात से गिरे हुए गोपुर और प्राकार का पुनरुद्धार करवाया। तथा कलिंग नगरी में कृषि तड़ाग की पैड़ियाँ बनवाई।

4. नासिक

नासिक गुफा का शिलालेख ई.सन् 149 में उत्कीर्ण किया गया है। यह वासिष्ठी के पुत्र पुलुमावि ने उत्कीर्ण करवाया था।

